बरेली, रविवार
19 जुलाई 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+4=28

# दैनिक जागरण

PAGE NO. IV: MIDDLE



डा. निष्ठा को सम्मानित करती हुईं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक • सौ. छात्र

## दीक्षा समारोह में राज्यपाल ने डा. निष्ठा को स्वर्ण पदक देकर किया सम्मानित

**बरेली :** लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षा समारोह में डा. निष्ठा चौहान (एमएस प्रसूति एवं स्त्री रोग) को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। उन्होंने विवि से संबद्ध अनेक सरकारी और निजी मेडिकल कालेजों के विद्यार्थियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

डा. निष्ठा ने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करते हुए विवि में 5वां स्थान हासिल किया। इसके बाद एसआरएमएस मेडिकल कालेज से एमएस किया। समारोह के दौरान पांच अन्य चिकित्सकों को (स्वर्ण) और चार को (सिल्वर) पदक से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि वे अपने करियर के शुरुआती दौर में कम से कम दो से तीन साल ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सहानुभूति, करुणा और सेवा भाव के साथ मरीजों की सेवा करें क्योंकि यही दौर उनके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला तैयार करेगा। डा. निष्ठा ने सफलता का श्रेय डा. शशिबाला आर्या, डा. (कर्नल) मनोज टांगड़ी, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को दिया। रेडियो डायग्नोसिस में एमडी डा. साक्षी बंसल और साइकियाट्री में एमडी डा. प्रज्ञा माहेश्वरी ने रजत पदक हासिल किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, कुलपति मेजर जनरल डा. अमित देवगन, एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के चेयरमैन देव मूर्ति और प्रधानाचार्य एयर मार्शल डा. महेंद्र सिंह बुटोला आदि मौजूद रहे। (ब्यू.)